# प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 30.08.2016 को संपन्न विभागीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :—

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 30.08.2016 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2. मुख्यमंत्री शहरी निश्चय योजनांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना की नगर निकायों से प्राप्त दीर्घकालीन कार्य योजना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गयी है। इन नगर निकायों को प्रमंडलवार एवं जिलावार व्यवस्थित करके भी वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाय ताकि विभागीय पदाधिकारियों को जिलावार नगर निकायों का अनुश्रवण/निरीक्षण में सहूलियत हो सके। **श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

3. गंगा किनारे अवस्थित शहरों के ODF करने के संबंध में कार्य योजना तैयार करने हेतु सभी संबंधित नगर निकायों को भेजे गये पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करायें। BGCMS के सभी कर्मी सप्ताह में 2 दिन, उन्हें आवंटित नगर निकायों का अनिवार्य रूप से स्थल भ्रमण करेंगे एवं प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएंगे। **BGCMS के सभी कर्मी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

4. जिन नगर निकायों से Solid Waste Management के Model RFP पर Consent प्राप्त नहीं हुआ है, उनसे दूरभाष पर प्रतिदिन सम्पर्क कर समन्वय किया जाय।

   पिछले सप्ताह सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विडियो कॉफ्रेंस के दौरान बताया गया था कि Solid Waste Management का Component wise DPR बनाया जा सकता है। इस हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। **Team Leader, SPUR इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

5. माननीय मुख्यमंत्री द्वारा माह सितम्बर के प्रथम पक्ष में हर घर शौचालय एवं माह सितम्बर के द्वितीय पक्ष में हर घर तक नल के माध्यम से पेयजल योजना का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु संबंधित विभागों यथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग आदि से समन्वय स्थापित किया जाय। **श्री संजय दयाल, विशेष सचिव इस हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।**

6. सुनियोजित शहरीकरण हेतु Regulatory framework तैयार करने के संबंध में NIUA से विभाग में पत्र प्राप्त हुआ है, इसे संचिका में उपस्थापित किया जाय। **श्री सर्वानंद, सहायक नगर निवेशक इसका अनुपालन 2 दिनों के अंदर सुनिश्चित करेंगे।**

7. पटना में Urban Resource Centre की स्थापना करने के लिए पटना नगर निगम के पास जो जमीन उपलब्ध है, उसे चिन्हित कर, विभाग को उपलब्ध कराने हेतु नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को पत्र भेजा गया है। उन्हें पुनः स्मार पत्र भेजा जाय।

   बैठक में जानकारी प्राप्त हुई कि बिहार राज्य जल पर्षद की राजापुर के पास काफी खाली जमीन उपलब्ध है। उक्त जमीन पर Urban Resource Centre की स्थापना के लिए प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद को भी पत्र भेजा जाय। **श्री सर्वानंद, सहायक नगर निवेशन इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

8. Patna Metroplanning Committee अंतर्गत संभवतः प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में एक Operational committee गठित करने का प्रावधान है। इस हेतु संचिका उपस्थापित की जाय। **श्री सर्वानंद, सहायक नगर निवेशन इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे**।

9. मुख्यमंत्री शहरी नाली–गली पक्कीकरण योजना एवं जलापूर्ति योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास के संबंध में नगर निकायों से प्रतिवेदन विभाग में प्राप्त हो रहे हैं। इन प्रतिवेदनों को समेकित करके कम्प्युटराईज्ड तैयार किया जाय। **मुख्य अभियंता, बुडा इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे**।

10. प्राक्कलन समिति, आश्वासन समिति, निवेदन समिति आदि विधानमंडलीय प्रश्नों एवं अनुपालन प्रतिवेदनों को वर्षवार समेकित करके व्यवस्थित रूप से कम्प्यूटराईज्ड तैयार करने हेतु पूर्व में भी कई बार निर्देशित किया गया है, जो अभी तक नहीं हो पाया है। **वरीय प्रभारी पदाधिकारी श्री भरत झा, निदेशक नगरपालिका प्रशासन इस हेतु प्रतिदिन अनुश्रवण करेंगे एवं एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन तैयार कराना सुनिश्चित कराएंगे**।

11. पिछले वर्ष सभी नगर निकायों को आवंटित किये गये स्वच्छता अनुदान की राशि का नगर निकायों से उपयोगिता प्रमाण पत्र माँगने हेतु पत्र भेजा जाय। नगर निकायों से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत उन्हें इस वर्ष के लिए स्वच्छता अनुदान की राशि आवंटित करने की कार्रवाई की जाय। **श्री संजय दयाल, विशेष सचिव इस हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।**

12. सभी नगर निकायों में प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़कों में अधिष्ठापित स्ट्रीट लाईट एवं जिन पथों में स्ट्रीट लाईट नहीं हैं, से संबंधित विवरणी नगर निकायों से प्राप्त करने हेतु प्रपत्र तैयार करके नगर निकायों को भेजा जाय, जिसमें प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़कों की लंबाई आदि से संबंधित पूर्ण सूचना रहे। **श्री संजय दयाल, विशेष सचिव इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

13. राज्य के शहरों में पार्कों के संधारण हेतु "पार्क विकास एवं संधारण नीति" के प्रारूप पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से सहमति प्राप्त हो गयी है। इस पर मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संलेख तैयार करके विधि विभाग को विधिक्षा हेतु भेजने के लिए संचिका 2 दिनों के अंदर उपस्थापित की जाय। **श्री संजय दयाल, विशेष सचिव इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

14. HFA, SBM एवं AMRUT योजनांतर्गत नियुक्त किये जाने वाले प्रोफेशनल्स के संबंध में उनके द्वारा संपादित किये जाने वाले कार्यों का स्पष्ट निर्धारण कर दिशानिर्देश प्रारूप तैयार किया जाय। उसमें यह भी अंकित किया जाय कि वे संबंधित योजना के कार्य के अलावा विभाग/नगर निकाय द्वारा दिये जाने वाले अन्य आवश्यक कार्यों का भी निष्पादन करेंगे। **संबंधित प्रभारी पदाधिकारी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे**।

15. BGCMS के कर्मियों द्वारा कार्य का Daily Report अधोहस्ताक्षरी को नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। निर्देश दिया जाता है कि BGCMS के सभी कर्मियों द्वारा दैनिक प्रतिवेदन एक ही हार्डकॉपी में उपलब्ध कराया जाय, जिसमें सभी कर्मियों का हस्ताक्षर हो। **BGCMS के सभी कर्मी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे**।

16. नये नगर पंचायत का गठन, नगर पंचायत से नगर परिषद एवं नगर परिषद से नगर निगम में उत्क्रमित किये जाने संबंधी अद्यतन सूचना प्राप्त करने हेतु सभी जिले के साथ प्रतिदिन समन्वय किया जाय। **श्री अरविन्द कुमार झा, सहायक निदेशक इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

17. प्रशाखावार/कोषांगवार संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विवरणी अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है इनमें वैसे मुद्दे, जो अभी तक लंबित हैं, उसकी सूची तैयार कर ली जाय एवं अगली बैठक में विमर्श हेतु उपस्थापित किया जाय। **सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

